# समाचार

# स्वच्छ भारत मिशन प्रतियोगिता

## विजेता प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को किया गया पुरस्कार वितरण

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले की विशेष उपस्थिति में हुआ आयोजन)

कोरबा 22 जुलाई 2015 –स्वच्छ भारत मिशन प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालय वर्ग ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को आज पुरस्कारों का वितरण किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती अग्रवाल एवं कलेक्टर श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने इन छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार राशि के चेक प्रदान किये।

कोरबा नगर स्थित निगम के गीतांजलि भवन सभागार में आज स्वच्छ भारत मिशन प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान की तथा कलेक्टर श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने इस मौके पर अपनी विशिष्ट उपस्थिति दी। कार्यक्रम में आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी.के. कौशिक एवं समाजसेविका श्रीमती मंगल बुधिया भी मंचासीन रही। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती अग्रवाल ने विजेता प्रतिभागियों के साथ ही इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र–छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी तथा कहा कि वास्तव में जीवन में स्वच्छता का महत्व सबसे बढकर है, स्वच्छता केवल बाहरी वातावरण में ही नहीं बल्कि हमारे मन व हमारे विचारों में भी स्वच्छता का होना आवश्यक है। स्वच्छ मन एवं स्वच्छ विचारों से युक्त मनुष्य समाज के हित में सर्वोपरि कार्य कर सकता है। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा क्षेत्र के सभी स्कूल, कालेजों में यह प्रतियोगिता कराई गई, जो निश्चित रूप से प्रशसनीय है, इससे बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रसार होगा तथा साफ–सफाई के प्रति उनकी रूचि बढ़ेगी। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने अपने उदबोधन में कहा कि हमारा कोरबा नगर स्मार्ट सिटी बनने की प्रतियोगिता में शामिल है, इस प्रतियोगिता में अच्छा परिणाम प्राप्त करने के लिए कोरबा शहर को हम सब मिलकर सुंदर बनायेगे। उन्होने कहा कि गांधी जयंती के मौके पर पूरे भारत में यह संकल्प लिया गया है कि हम सब स्वच्छता कार्यो से जुड़ेगे तथा साफ–सफाई के प्रति जागरूक रहेगे। शहर से लेकर ग्राम तक स्वच्छता मिशन के सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं, जो एक शुभ संकेत हैं तथा अभियान की सफलता का परिचायक है। कलेक्टर श्रीमती कंगाले ने आगे कहा कि स्वच्छता केवल दिखाने के लिए नहीं बल्कि यथार्थ रूप में होनी चाहिए, स्वच्छता को जीवनशैली के रूप में अपनाना होगा तथा जीवन एक प्रमुख अंग बनाना होगा। निश्चित रूप से स्वच्छ भारत मिशन के परिणाम स्वरूप बच्चों एवं युवाओं में स्वच्छता के प्रति आकार्षण बढ़ा है, यह एक बहुत बड़ा बदलाव है जो पूरे भारतवर्ष में दृष्टिगोचर हो रहा है। निश्चित रूप से स्वच्छता केवल एक–दो दिन का नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन भर का कार्य है, स्वच्छता केवल शासन का नहीं बल्कि हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के उदेश्यों को हम हृदय से आत्मसात करें, स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का एक अनिवार्य अंग बनाये, साफ–सफाई कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होने कहा कि स्वच्छता बाहरी वातावरण के साथ–साथ आंतरिक रूप में भी होनी चाहिए, सर्वप्रथम हम अपने मन में, विचारों में, फिर घर में, परिवार में तथा अपने घर के आसपास से स्वच्छता की शुरूआत करें। उन्होने कहा कि इस प्रतियोगिता में स्कूल एवं कालेज के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया है, जो स्वच्छता के प्रति उनकी रूचि को दर्शाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी.के. कौशिक ने कहा कि 02 अक्टूबर से प्रारंभ होकर यह स्वच्छ भारत मिशन आज निरंतर जारी है, उन्होने कहा कि 15 से 22 जुलाई तक आयोजित स्वच्छ भारत मिशन प्रतियोगिता में लगभग 170 स्कूलों के 6000 से अधिक छात्र–छात्राओं ने अपनी सहभागिता निभाई हैं तथा प्रतियोगिता के प्रति अपनी अभिरूचि प्रदर्शित की है। उन्होने कहा कि विद्यालयों की साफ–सफाई एवं छात्र–छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। नगर पालिक निगम कोरबा ने यह प्रतियोगिता आयोजित कर एक प्रशसनीय कार्य किया है तथा प्रतियोगिता के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन नगर पालिक निगम कोरबा के नोडल अधिकारी डॉ. संजय तिवारी ने कार्यक्रम में प्रतिवेदन रखा तथा स्वच्छ भारत मिशन प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी श्री रावेन्द्र सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता श्री अशोक सिंह द्वारा किया गया।

<u>22 छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि के चेक दिये गये</u>– स्वच्छ भारत मिशन प्रतियोगिता के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में स्थित 170 शालाओं के 6000 छात्र–छात्राओं एवं 04 महाविद्यालयों के 200 छात्र–छात्राओं

ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले 22 छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार राशि के चेक प्रदान किये गये, जिन प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान मिला विवरण निम्नानुसार है :–

**प्राथमिक शाला –**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | किरण कुमारी मांझी | – | प्रा.शा. मोतीसागरपारा | – | प्रथम | 1000/– |
| (2) | कु. हेमा चौहान | – | प्रा.शा. कोरबा टाउन | – | द्वितीय | 750/– |
| (3) | कु. दीपा साहू | – | गायत्री उ.मा.वि. रानी रोड | – | तृतीय | 500/– |
| (4) | कु. आशा | – | ज्ञान ज्योति प्रा.शा. चेकपोस्ट भदरापारा | – | तृतीय | 500/– |

**माध्यमिक शाला –**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | आर्यन सुन्दरानी | – | डी.डी.एम. पब्लिक स्कूल | – | प्रथम | 1000/– |
| (2) | राहुल केन | – | पू.मा. शाला सीतामणी | – | द्वितीय | 750/– |
| (3) | रविकुमार देवांगन | – | पू.मा.शा. कोहड़िया | – | द्वितीय | 750/– |
| (4) | सूरज लहरे | – | बालको टाउनशिप स्कूल | – | तृतीय | 500/– |
| (5) | साकेत मिश्रा | – | डी.डी.एम. पब्लिक स्कूल | – | तृतीय | 500/– |
| (6) | अदिति चंदेल | – | बालको टाउनशिप स्कूल | – | तृतीय | 500/– |
| (7) | अभिमन्यु केंवट | – | मा.शाला लालघाट | – | तृतीय | 500/– |
| (8) | मिहिर सिन्हा | – | वि.गृ.पू.मा.शा. कोरबा | – | तृतीय | 500/– |

**उच्चतर माध्यमिक –**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | आशुतोष तिवारी | – | डी.डी.एम.पब्लिक स्कूल | – | प्रथम | 1000/– |
| (2) | आंचल दुबे | – | शा.कन्या उ.मा. वि.साडा | – | द्वितीय | 750/– |
| (3) | ऋषभ मिश्रा | – | डी.डी.एम. पब्लिक स्कूल | – | द्वितीय | 750/– |
| (4) | अनामिका भगत | – | निर्मला कॉन्वेट स्कूल | – | तृतीय | 500/– |
| (5) | शशी मिश्रा | – | बालको टाउनशिप स्कूल | – | तृतीय | 500/– |
| (6) | हर्षदीप सिंह | – | डी.डी.एम. पब्लिक स्कूल | – | तृतीय | 500/– |

**महाविद्यालय –**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | चेतन कुमार शर्मा | – | कमला नेहरू महाविद्यालय | – | प्रथम | 2000/– |
| (2) | कु. आरती पाण्डेय | – | श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय | – | द्वितीय | 1500/– |
| (3) | गौरव अरोरा | – | कमला नेहरू महाविद्यालय | – | तृतीय | 1000/– |
| (4) | कु. कृतिका कुमारी | – | शा.ई.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय | – | तृतीय | 1000/– |

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)